प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.04.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस 2026 का किया शुभारम्भ : कहा– समृद्ध किसान से साकार होगी विकसित और आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना।
2. केन्द्रीय कैबिनेट ने खरीफ सीजन 2026 के लिए फॉस्फेटिक और पोटेशियम युक्त उर्वरकों पर सब्सिडी दरों को दी मंजूरी : फैसले से किसानों को रियायती और किफायती मूल्यों पर मिलेंगे उर्वरक।
3. प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के आज पूरे हुए 11 वर्ष : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा–युवाओं में स्वरोजगार को बढ़ावा देने में मददगार साबित हुई योजना।

और

4. प्रदेश में कल से रुक–रुक हो रही बारिश और ओलावृष्टि से फसलें प्रभावित : मुख्यमंत्री ने किसानों को तत्काल मुआवजा देने के दिये निर्देश।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय छठी उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान कांग्रेस–2026 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'उत्तर प्रदेश कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना

2025–26' के अंतर्गत 15 वैज्ञानिकों का सम्मान भी किया। वहीं, वर्ष 2025 में उत्कृष्ट कार्य करन वाले उत्तर प्रदेश कृषि विज्ञान अकादमी के 30 वैज्ञानिकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित व आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब किसान समृद्ध होगा। श्री योगी ने कहा कि राज्य ने कृषि विकास दर को 8 प्रतिशत से बढ़ाकर लगभग 18 प्रतिशत तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है।

मुख्यमंत्री ने आधुनिक तकनीक के उपयोग पर विशेष बल देते हुए कहा कि इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन और सैटेलाइट तकनोक कृषि को नई दिशा दे सकते हैं। बाइट.....

*अन्नदाता खुशहाल होगा तो देश खुशहाल होगा, समाज खुशहाल होगा और इसके लिए हमें कहीं एक जगह सहारा मिलती है तो वह है सबसे पहला है टेक्नोलॉजी, टेक्नोलॉजी पर आधारित नेक्स्ट जनरेशन फार्मिंग। कैसे हम इस दिशा में कार्य कर सकते हैं, टेक्नोलॉजी और डाटा से संचालित आज के इस युग में हम अपने अन्नदाता किसान को कैसे जोड़ सकते हैं इसके बारे में।*

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सरकार द्वारा त्वरित राहत व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। बाइट.....

*अन्नदाता किसान या बटाईदार या उसके परिवार के किसी सदस्य के दर्घटना की चपेट में आने पर उसको तत्काल कंपनसेशन देने की व्यवस्था हम करते हैं और उसके लिए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत हम उसे ₹5 लाख की धरना सी तत्काल उपलब्ध करवाते हैं पीड़ित परिवार को।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में केंद्र सरकार ने खरीफ सीजन 2026 के लिए फॉस्फेटिक और पोटेशियम युक्त उर्वरकों पर सब्सिडी दरों को मंजूरी दे दी है। नई दिल्ली में आज सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस पर लगभग 41 हजार 534 करोड़ रुपये की लागत आएगी। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से किसानों को रियायती, किफायती और उचित मूल्यों पर उर्वरक उपलब्ध हो सकेगा। बाइट.....

*खरीफ सीजन के लिए न्यूट्रिएंट बेस्ड सब्सिडी स्कीम में ₹41,534 करोड़ का सब्सिडी का पैक तो फर्टिलाइजर के प्राइस किसी भी कारण से दुनिया में अगर ऊंचे हुए हो लेकिन उसका प्रभाव भारत में नहीं पड़े ऐसी व्यवस्था मान्य प्रधानमंत्री जी ने की है। आज का फैसला भी उसी संकल्प का है जो डीएपी बहुत इंपॉर्टेंट फर्टिलाइजर है। इसका 50 किलो का बैग एकदम फिक्स ₹1,350 पर लगातार चलाया गया है। इसके लिए सब्सिडी बढ़ती जा रही है लेकिन किसानों पर कोई बोझ ना आए यह ध्यान में रखकर फैसले लिए गए।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना युवाओं मं स्वरोजगार को बढ़ावा देने में बहुत लाभकारी सिद्ध हुई है। 2015 में शुरू हुई इस योजना ने आज 11 साल पूरे कर लिए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इस योजना की सफलता ने यह साबित कर दिया है कि जब लोगों को सही अवसर मिलते

हैं, तो वे आत्मनिर्भर बन सकते हैं और राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से कहा कि समावेशी विकास की प्रतीक यह योजना केवल ऋण सुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि करोड़ों युवाओं और महिलाओं के स्वावलंबन को सुदृढ़ करते हुए उनके सपनों को पंख देने का सशक्त आधार है। इसी क्रम में वाराणसी के अग्रणी जिला प्रबंधक अविनाश अग्रवाल ने बताया कि योजना के तहत तीन श्रेणियों– शिशु, किशोर और तरुण में ऋण दिया जाता है। उन्होंने बताया कि यह योजना विशेष रूप से युवाओं के लिए बेहद कारगर साबित हो रही है। बाइट.....

*यह तीन तरह की योजना है इसमें शिशु, किशोर, तरुण। शिशु में हम ₹50,000 तक का लोन देते हैं। किशोर में हम ₹50,000 से 5 लाख का देते हैं और तरुण में हम 5 लाख से 10 लाख का लोन देते हैं और लास्ट ईयर 2025 में तरुण प्लस करके स्कीम आई है जो तरुण के अंतर्गत सफलता पूर्वक यदि तरुण की चुकौती करता है तो हम उसको तरुण प्लस के अंतर्गत ₹20 लाख तक का लोन देते हैं।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के चित्रकूट नोड में 75 हेक्टेयर भूमि का आवंटन पत्र भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन को सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल उत्तर प्रदेश को रक्षा विनिर्माण के क्षेत्र में एक सशक्त और विश्वसनीय पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूण भूमिका निभाएगी, साथ ही बुंदेलखंड क्षेत्र के समग्र आर्थिक और औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी।

———————

प्रदेश सरकार ने स्पष्ट किया है कि राज्य में पेट्रोल–डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है।राज्य में 92 हजार किलो लीटर पेट्रोल और 1 करोड़ 22 लाख किलो लीटर डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार ने आम जनता से अपील की है कि ईंधन का अनावश्यक भंडारण न करें। वहीं सरकार ने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की कालाबाजारी के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की है। पूरे प्रदेश में 23

हजार 250 छापेमारी की कार्रवाई की गई है,जिनमें 238 एफआईआर दर्ज की गई हैं। सरकार ने कहा है कि प्रदेश के 4 हजार 107 गैस एजेंसियों के माध्यम से उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित कराई जा रही है और इसका पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

——————————

प्रदेश में सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद जारी है। इसी क्रम में पीलीभीत जनपद में 125 गेहूं क्रय केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने आज बताया कि सभी केंद्रों पर किसानों के लिए जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने किसानों से सूखा गेहूं लाने और अग्रिम पंजीकरण करा के गेहूं तौलवाने का अनुरोध किया है। बाइट.....

*किसानों से मेरी अपील है कि वह आकर के टोकन व्यवस्था के अंतर्गत अपना टोकन ले लें जिससे उनको डेट पता रहेगी कि इस डेट में आपका अनाज टूट जाएगा और मॉइस्चर का खास तौर से ध्यान रखें देखो 12: मॉइस्चर का पैरामीटर है लेकिन फिर भी किसान कुछ लोग लेकर के आ रहे हैं जिनका मॉइस्चर करीब 13, 15, 18, 20 तक है मॉइस्चर तो कृपया करके जो गेहूं जो ला रहे हैं तो उसको साफ–सुथरा गेहूं लेकर के आएं और फिर भी अगर कोई परेशानी किसी भी किसान को अगर हो रही है तो वह सीधे मुझसे संपर्क करके अपनी बात कह लगता है, हम लोग तत्काल मौके पर जाकर के उनकी समस्या का विधान करेंगे।*

——————————

प्रदेश के कई जनपदों में कल से रुक रुक कर हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हो गया है। कई जिलों में

फसलों को नुकसान पहुंचा है। सहारनपुर में भारी बारिश के साथ ओले भी गिरे। असमय वर्षा, ओलावृष्टि और कुछ स्थानों पर आगजनी की घटनाओं से रबी फसलों को हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आज लखनऊ में आयोजित उच्चस्तरोय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ किसानों के साथ खड़ी है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रभावित किसान एवं बटाईदार के नुकसान का आकलन कर तत्काल क्षतिपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर राजस्व, कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र सर्वेक्षण कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाए। मुख्यमंत्री ने बीमा कंपनियों के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित कर फसल बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। राजस्व विभाग को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा राहत कोष से प्रत्येक जनपद को पर्याप्त धनराशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। अग्निकांड की घटनाओं पर मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जनहानि एवं पशुहानि की स्थिति में 24 घंटे के भीतर राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।*

(समाप्त)